Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to run railway service between Masrakh Junction and Patna in Bihar-laid.

श्री जनार्दन सिंह सिग्रीवाल (महाराजगंज): मेरा संसदीय क्षेत्र महारागंज,लोकसभा बिहार राज्य के बहुत ही ऐतिहासिक और प्रमुख धरती सारण प्रमंडल अंतर्गत है। सारण प्रमंडल की कुल आबादी लगभग साढ़े अन्ठावे लाख है। उत्तर बिहार की इतनी बड़ी आबादी वाले प्रमंडल से बिहार की राजधानी पटना के लिए रेल यातायात की सुविधा नहीं होने से इस प्रमंडल के व्यापारियों,छात्र-छात्राओं,सरकारी कर्मियों-अधिकारियों तथा अन्य प्रकार के कार्यों हेतु पटना जाने वाले लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए कार्यालयीय समयानुसार बिहार की राजधानी पटना जाने और आने हेतु सारण प्रमंडल सहित मेरे संसदीय क्षेत्र की जनता को रेल-यातायात की सुविधा प्रदान करने हेतु मेरे संसदीय क्षेत्र के मशरक जं. से महारागंज, दुरौंदा, एकमा, छपरा, पाटलिपुत्रा होते हुए पटना तक एक जोड़ी नई ट्रेन का संचालन कराया जाना अति आवश्यक है।

विदित हो कि इसी प्रमंडल की धरती के सिवान जिला के जिरादेई में देश के प्रथम राष्टपति देशरत्न डॉ.राजेन्द्र प्रसाद जी की जन्म स्थली है। लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी की भी जन्म स्थली इसी प्रमंडल के सिताब दियरा में है तथा मौलाना मजहरुल हक़ की भी जन्मस्थली इसी प्रमंडल में है। अतएव ऐसे ऐतिहासिक स्थल की जनता को जनहित में रेल यातायात की सुविधा देना आवश्यक है।

अत : मेरा सरकार से आग्रह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के मशरक जं.से पटना तक एक जोड़ी ट्रेन का संचालन कराया जाये।